# मेडिसिन किट : टीम ने 138 मरीजों तक पहुंचाई

रतलाम | होम आइसोलेशन में रह रहे 138 मरीजों को शुक्रवार को मेडिसिन किट पहुंचाई गई। नगर निगम को ई-रक्ष केंद्र से 173 मरीजों की सूची मिली थी। इनमें से 138 मरीजों को घर जाकर किट दिए गए। 9 अस्पताल में भर्ती थे। 8 के पते और मोबाइल नंबर गलत निकले। 8 मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर, 10 को पहले किट मिल चुकी थी।

दै. भास्कर

8-5-2021

## आज छह केंद्रों पर टीकाकरण



कोरोना का टीका लगवाती युवती।

रतलाम। जिले में शनिवार को 45 वर्ष से अधिक आयु समूह के लोगों को छह केंद्रों पर टीके लगाए जाएंगे। सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि शहर में जैन काश्यप सभागृह सागोद रोड, कम्युनिटी हाल अलकापुरी, माहेश्वरी धर्मशाला कसेरा बाजार पर कोविड का कोविशील्ड का टीकाकरण किया जाएगा। जावरा में रेडक्रास सोसाइटी परिसर सिविल अस्पताल के पास, आलोट में आंबेडकर भवन नगर परिषद परिसर, ताल में पोरवाल धर्मशाला नीमचौक पर टीकाकरण किया जाएगा। 45 वर्ष से अधिक आयु समूह के लोग अपना जन्म तारीख दर्शाने वाले आइडी के आधार पर सीधे टीका लगवा सकेंगे। अर्थात 45 वर्ष से अधिक आयु समूह के लोगों के लिए प्री-बुकिंग कराना अनिवार्य नहीं है। पुराना कलेक्टोरेट परिसर गुलाब चक्कर रतलाम पर फ्रंटलाइन वर्कर्स को वैक्सीन का दूसरा टीका लगाया जाएगा।

### 18 प्लस को आइएमए हाल व मोहन टाकीज में लगेंगे टीके

जिले में शनिवार को 18 से 44 वर्ष आयु समूह के लोगों का टीकाकरण आइएमए हाल गोशाला रोड-राजेंद्र नगर और मोहन टाकीज घास बाजार में किया जाएगा। टीकाकरण सत्र के दौरान 18 से 44 वर्ष आयु समूह के ऐसे हितग्राही जिन्होंने आनलाइन प्री-बुकिंग करा ली हो व जिन्हें टीकाकरण का मैसेज आ चुका है केवल उन्हीं हितग्राहियों को को-वैक्सीन के टीके लगाए जाएंगे। सत्र के दौरान प्रति सत्र 140 लोगों का टीकाकरण किया जाएगा। इस प्रकार शनिवार के सत्र के लिए अधिकतम क्षमता 280 लोगों की रहेगी।

### दिव्यांगता प्रमाण-पत्र 1 जून से यूडीआइडी पोर्टल से ही मिलेंगे

रतलाम। सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण मंत्री प्रेमसिंह पटेल ने बताया है कि प्रदेश में दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एक जून से यूडीआईडी पोर्टल http&//www.swavlambancard.gov.in पर राज्य शासन द्वारा अधिसूचित सक्षम चिकित्सा प्राधिकारियों द्वारा ही प्रदान किए जाएंगे। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण, भारत सरकार द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

---

सीएम ने जताई थी नाराजगी, आज शाम तक आ सकते हैं नए कलेक्टर

# बिगड़े हालात, अब कुमार पुरुषोत्तम को सौंपी रतलाम जिले की कमान

8-5-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना के बढ़ते मामलों में नियंत्रण नहीं होने पर अब प्रशासनिक फेरबदल भी शुरू हो गया है। शासन ने शुक्रवार को कलेक्टर गोपालचंद्र डाड का तबादला अपर सचिव के तौर पर करते हुए गुना कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को रतलाम कलेक्टर पद पर स्थानांतरित किया गया है। उनके शनिवार शाम तक रतलाम आने की संभावना है।

मालूम हो कि रतलाम में मार्च माह में संक्रमण की दर करीब 14 प्रतिशत थी, जो नौ अप्रैल से लागू कोरोना कर्फ्यू के 29 दिन बाद भी औसत रूप से 19 से 20 प्रतिशत के बीच है। जबकि अप्रैल माह की दर 25 से अधिक रही।



कुमार पुरुषोत्तम

मेडिकल कालेज में मरीजों के उपचार की पर्याप्त व्यवस्था न होने व ग्रामीण क्षेत्रों में भी संक्रमण तेजी से फैल रहा है। सीएम शिवराजसिंह चौहान ने गत दिनों सीएम ने वीडियो कांफ्रेंसिंग में कहा था कि पाजिटिविटी रेट के मान से ही कलेक्टरों की रैंकिंग तय होगी। 24 अगस्त 2020 को पदभार संभालने के बाद करीब नौ माह में ही कलेक्टर गोपालचंद्र डाड के तबादले को इसी से जोड़ा जा रहा है।

### इन लापरवाहियों ने किया शर्मशार

- 4 मई को मेडिकल कालेज में भर्ती कराने के अभिभावक सुरेश डागर को उनकी मां संतोषदेवी व भाई अनिल बाइक पर लेकर पहुंचे थे। कालेज के बाहर दो घंटे तक इंतजार करने के बाद भी भर्ती नहीं किया तो स्वजन ने उन्हें बंजली स्थित निजी अस्पताल आयुष ग्राम में भी भर्ती कराने की कोशिश की थी, लेकिन वहां भी उपचार नहीं मिला। दूसरे अस्पताल ले जाते समय राममंदिर के समीप बाइक पर ही अभिभावक डागर की मौत हो गई थी। इस घटना के वीडियो भी वायरल हुए और जावरा विधायक डा. राजेंद्र पांडेय द्वारा अवगत कराने पर सीएम ने कहा था कि कोई भी हास्पिटल मरीज को भर्ती करने या उपचार देने से इंकार नहीं कर सकता।
- 5 मई को आलोट क्षेत्र के एक युवक को स्वजन गंभीर अवस्था में मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे। यहां गेट नंबर दो पर ही गार्ड ने मरीज व स्वजन को रोक दिया और बेड फुल होने का हवाला दिया। स्वजन जमीन पर लेटाकर ही उपचार करने की मांग करते रहे, लेकिन किसी ने नहीं सुनी। कुछ देर में ही युवक ने दम तोड़ दिया।

### तबादले के पीछे यह वजह भी

- कोरोना को लेकर जिला प्रभारी बनाए गए वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के 15 अप्रैल को रतलाम दौरे में जावरा विधायक डा. राजेंद्र पांडे ने जावरा में 30 बेड का कोविड केयर सेंटर खोलने का सुझाव दिया था। इस प्रस्ताव पर कलेक्टर से विधायक पांडेय की तीखी बहस भी हो गई थी। बाद में जावरा में भी सेंटर खोला गया, लेकिन विधायक ने अपनी नाराजगी से सीएम को अवगत कराया दिया था।
- ग्रामीण क्षेत्रों में संक्रमण के मामले तेजी से बढ़े, नियंत्रण के लिए आइसोलेशन सेंटर, क्वारंटाइन करने की ठोस योजना नहीं बनी।
- सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों की सहभागिता को लेकर निर्णय में असमंजस बना रहा।

### सीएम की नाराजगी पर पीएस ने किया था दौरा

जिले में अप्रैल में 5289 नए मरीज मिले। जबकि 102 की मौत हो गई। जिले की मृत्यु दर 1.76 होने पर सीएम ने वीसी में नाराजगी जाहिर की थी। 5 मई को जिला कोविड सचिव व प्रमुख सचिव अनुपम राजन ने भी रतलाम आकर हालातों का जायजा लिया था। इसके बाद से संभावना बन रही थी कि प्रशासनिक फेरबदल होगा।

नईदुनिया 8-5-2021

---

## कुमार पुरुषोत्तम होंगे नये कलेक्टर, डाड बने मध्य प्रदेश अपर सचिव

रतलाम। मध्यप्रदेश में शुक्रवार को रतलाम सहित प्रदेश के 5 जिलों के अधिकारियों नवीन पदस्थापना की गई। जिसमें तीन कलेक्टर और दो अपर कलेक्टर शामिल है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार रतलाम कलेक्टर गोपालचंद्र डाड को अपर सचिव मध्यप्रदेश शासन के रूप में नवीन पदस्थापना की गई है। वही गुना के कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को रतलाम कलेक्टर बनाया गया है।

8-5-2021

---

## गुना कलेक्टर रतलाम स्थानांतरित



रतलाम ● प्रशासनिक फेरबदल के बीच आज कलेक्टर गोपालचंद डाड का स्थानांतरण भोपाल में अपर सचिव के पद पर हो गया है, उनके स्थान पर 2012 बेच के आईएएस अधिकारी कुमार पुरुषोत्तम रतलाम के कलेक्टर होंगे। श्री कुमार वर्तमान में गुना के कलेक्टर हैं।

8-5-2021

## थोक व्यापारियों को अनुमति मिलते ही बाजार में दुकानों के सामने लगी भीड़



**रतलाम.** लॉक डाउन की वजह से पूरा बाजार बंद है। किराना खेरची, थोक के साथ ही सभी तरह की दुकानें बंद है। इसी बीच जिला प्रशासन ने शुक्रवार को थोक किराना व्यापारियों को दुकानें खोलकर खेरची वालों को सामान देने की अनुमति दी तो धानमंडी क्षेत्र में जाम की स्थिति निर्मित हो गई। सप्ताह में मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक केवल होम डिलेवरी की अनुमति दी गई। दूसरी तरफ थोक व्यापारियों को सप्ताह में सोमवार, बुधवार और शुक्र वार की सुबह 6 से 11 बजे तक लोडिंग अनलोडिंग की अनुमति दी गई है। इस अनुमति में भी धानमंडी क्षेत्र में लोडिंग वाहनों की कतारें लग गई। थोक दुकानों से सामान ले जाकर खेरची वालों के यहां डिलीवरी करने के लिए माल उठाने के लिए वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

पत्रिका 8-5-21

## कहीं सड़क कर दी जाम तो कहीं बगैर मंजूरी बिक रहा सामान



**यहां पर लग गया जाम-** किराना की दुकानों को होमडिलेवरी की शर्त के साथ खोलने की अनुमती सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार व शनिवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की है। थोक कारोबारी सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को सुबह 6 बजे से 11 बजे तक दुकान खोल सकते है। लेकिन शुक्रवार दोपहर को धानमंडी में वाहनो की कतारे नजर आई। यहां पर एसडीएम अभिषेक नागर व सीएसपी हेमंत चौहान ने निरीक्षण किया। सुबह 7.30 बजे ही पुलिस के अमले ने पहुंचकर दुकानों को बंद करवाया, लेकिन दोपहर में ही नियम टूटते नजर आए।



**दिनभर चलती रही दुकान-** कहने को लॉकडाउन है, लेकिन शहर के सैलाना रोड स्थित किराना दुकाने दिनभर चल रही है। यहां पर काटजू नगर, जवाहर नगर, कस्तूरबा नगर सहित अन्य क्षेत्र के लोग आकर सामग्री की खरीदी कर रहे है। बड़ी बात यह है कि इसी क्षेत्र के चौराहे पर पुलिस का पाइंट भी लगा हुआ है व दिन में कई बार अधिकारियों का निकलना होता है, लेकिन कोई रोक नहीं रहा है। जो ग्राहक आ रहे है वे भी दो गज की दूरी के नियम का पालन नहीं कर रहे है। पत्रिका 8-5-21

पत्रिका 8-5-2021

**बदलाव: बढ़ते संक्रमण और गहराते हालातों के बीच सरकार का फैसला**

# रतलाम कलेक्टर का तबादला, गुना कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को कमान

**सिटी इश्यू**

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 8-5-21

रतलाम. जिले में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार के बीच रतलाम कलेक्टर गोपाल चंद्र डाड का शुक्रवार को तबादला हो गया। उनके स्थान पर रतलाम की कमान अब गुना कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को सौंपी गई है जो कि शनिवार को रतलाम पहुंचकर कार्यभार संभालेंगे। कलेक्टर के तबादले को लेकर चर्चा है कि रतलाम जिले में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार को रोकने में सफलता नहीं मिलने और गहराते हालातों के बीच सरकार को यह निर्णय लेना पड़ा।

गुना कलेक्टर रहे कुमार पुरुषोत्तम वर्ष 2012 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के चुनिंदा अधिकारियों में उनका शामिल होना बताया जा रहा है। इसके साथ ही गुना में उनके द्वारा बेहतर ढंग से कोरोना पर नियंत्रण पाया गया है। यही कारण है कि उन्हें रतलाम में व्यवस्थाओं में सुधार के साथ ही संक्रमण की रफ्तार को कम करने के लिए भेजा जा रहा है। वहीं रतलाम कलेक्टर रहे गोपाल चंद्र डाड को भोपाल में अपर सचिव के रुप में बुलाया गया है।

## जावरा विधायक डॉ. पाण्डेय थे नाराज

मेडिकल कॉलेज में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर जावरा विधायक डॉ राजेंद्र पांडे ने मुख्यमंत्री के समक्ष नाराजगी व्यक्त की थी। वहीं प्रदेश के छोटे शहरों में सबसे अधिक मौत रतलाम में होने से शासन चिंता में था और लगातार समीक्षा बैठकों में रतलाम मेडिकल कॉलेज में कोरोना मरीजों को बेहतर उपचार देकर मौत के आंकड़ों मीं कमी लाने की निर्देश दिए जा रहे थे। 2 दिन पूर्व जिले के प्रभारी बनाए गए आईएएस अधिकारी अनुपम राजन भी रतलाम आए थे और रतलाम में हो रही मौत पर चिंता जाहिर की थी।

## नए कलेक्टर के लिए यह रहेगी चुनौती...


कुमार पुरुषोत्तम

- कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकना।
- मेडिकल कॉलेज में मरीजों की मौत के आंकड़े को कम करना।
- मेडिकल कॉलेज में फैली अव्यवस्थाओं में सुधार।
- सभी विधायकों से आपस में समन्वय बनाना।
- ऑक्सीजन की आपूर्ति निर्बाध रूप से कराना।
- लॉकडाउन का कठोर पालन कराना।
- आमजन में फैली प्रशासन के प्रति नाराजगी दूर करना।
- महामारी के समय में जनता में विश्वास पैदा करना।

## फिलहाल जिले में इन व्यवस्थाओं पर सवाल


गोपाल चंद्र डाड

- कोरोना संक्रमण की रोकथाम में ढिलाई।
- मेडिकल कॉलेज की अव्यवस्था में सुधार नहीं होने संबंधी आरोप लगते रहे।
- कोरोना से हो रही मौत के आंकड़ों में कमी नहीं ला पाना।
- सभी विधायकों से बेहतर समन्वय को लेकर सवाल।
- प्रशासनिक निर्णयों के प्रति आमजन में नाराजगी दिखी।
- महामारी के दौर में आम जनता में विश्वास नहीं बन सका।
- लॉकडाउन का सख्ती से पालन नहीं होने की चर्चा।
- प्रशासनिक निर्णय के प्रति आमजन में विरोध बढ़ता गया।

पत्रिका 8-5-2021

## दमोह उपचुनाव के बाद राठी को हटाया, सरकार ने बदले पांच आईएएस अफसर

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

8-5-21


गोपालचंद्र डाड


कुमार पुरुषोत्तम

राज्य सरकार ने शुक्रवार को रतलाम और दमोह के कलेक्टरों को हटा दिया। मंत्रालय से जुड़े सूत्रों का कहना है कि कोरोना में लापरवाही के कारण रतलाम कलेक्टर रहे गोपालचंद्र डाड को, जबकि दमोह उपचुनाव के नतीजों और नोटकांड के कारण तरुण राठी को दमोह कलेक्टर पद से हटाया गया। रतलाम में पॉजिटिविटी रेट पहले से ज्यादा हो गया है, जबकि दूसरे जिलों में घट रहा है। कोरोना कर्फ्यू भी लागू कराने में लापरवाही लगातार सामने आ रही थी। दो दिन पहले वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मुख्यमंत्री ने पूछा तो डाड का जवाब भी सामान्य ही था। इससे सीएम खफा हो गए। इसके साथ ही सरकार ने पांच आईएएस अफसरों को इधर से उधर कर दिया है। गुना कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को रतलाम भेजा गया और जबलपुर के अपर कलेक्टर अनूप कुमार सिंह को दमोह कलेक्टर बनाने का आदेश निकला, लेकिन दो-तीन घंटे के भीतर ही इसे निरस्त करते हुए उन्हें जबलपुर में यथावत रखा गया है। बताया गया है कि अनूप की माताजी कोरोना संक्रमित हैं। लिहाजा वे माताजी के पास ग्वालियर गए हैं। तबादला सूची आने के तुरंत बाद अनूप ने अपनी बात मुख्य सचिव तक पहुंचाई। इसलिए उन्हें यथावत रखा गया।

पढ़ें | इनसाइड भी


‘पत्रिका’ की पहल पर मुख्यमंत्री कोविड उपचार योजना शुरू

# आयुष्मान कार्ड नहीं होने पर भी मुफ्त इलाज, पहले से भर्ती लोगों को लाभ

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. मध्यप्रदेश में कोरोना के मुफ्त इलाज के लिए शुक्रवार से ‘मुख्यमंत्री कोविड उपचार योजना’ लागू कर दी गई। खास बात यह है कि यदि किसी व्यक्ति के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है तो उसे खाद्यान्न की पात्रता पर्ची या किसी सरकारी अधिकारी के लिखने पर अनुबंधित निजी अस्पताल में कोरोना का मुफ्त इलाज मिलेगा। हालांकि इसके लिए संबंधित व्यक्ति के परिवार में किसी एक सदस्य का आयुष्मान कार्ड होना जरूरी है। स्वास्थ्य सचिव आकाश त्रिपाठी ने बताया, यदि किसी का भी आयुष्मान कार्ड नहीं है तो भी वह मुफ्त इलाज का हकदार होगा। कोविड उपचार के लिए भर्ती होने के बाद तीन दिन के भीतर परिजन को मरीज का आयुष्मान कार्ड बनवाकर अस्पताल में देना होगा। उसे यह कार्ड बनाने के लिए जिला कलेक्टर और सीएमएचओ व्यवस्था करेंगे।

शेष @ मध्यप्रदेश




लगातार

पत्रिका में प्रकाशित खबर




## आयुष्मान कार्ड न होने पर आपको ऐसे लाभ...

- **आयुष्मान योजना में पंजीयन के मुकाबले कार्ड उतने नहीं दिए गए हैं, ऐसे में सभी तक लाभ कैसे पहुंचा पाएंगे?**
- सरकार ने यह व्यवस्था की है कि किसी भी आयुष्मान कार्डधारी के परिवार में यदि किसी व्यक्ति के पास कार्ड नहीं है तो भी उसे मुफ्त इलाज दिया जाए। कार्ड नहीं होने पर समग्र आइडी, किसी गजेटेड अधिकारी द्वारा लिखा गया पत्र या खाद्यान्न पर्ची भी अस्पताल में भर्ती होने के लिए मान्य की जाएगी।

## खर्च हो चुकी रकम मिलेगी या नहीं

आयुष्मान भारत योजना के सीईओ एस विश्वनाथन के मुताबिक, योजना के लागू होने के साथ ही इन भर्ती मरीजों को लाभ मिल सकेगा। इसके लिए इन्हें आयुष्मान कार्ड की प्रतिलिपि और अन्य संबंधित दस्तावेज जमा करने होंगे, लेकिन पूर्व में यदि इन अस्पतालों में किसी कार्डधारक ने इलाज कराया है और वह डिस्चार्ज हो चुका है, तो उसे योजना का लाभ नहीं मिल पाएगा।

## जिलों में फोन पर भी समस्या सुनेंगे अफसर

- जिले में अपर कलेक्टर स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी और कोविड उपचार के लिए अधिकृत प्रत्येक आयुष्मान संबद्ध अस्पताल के लिए सरकारी अधिकारी को प्रभारी बनाया जाएगा।
- आयुष्मान कार्डधारी सहायता या अन्य दिक्कत आने पर नोडल या प्रभारी अधिकारी से सम्पर्क कर सकता है।
- कोई शिकायत मिलने पर जांच के लिए एक विशेष सेल बनेगी। इसके आदेश दे दिए गए हैं।

## हर सदस्य को उपलब्ध कराएंगे कार्ड: सीएम



आयुष्मान योजना में पात्र परिवार के हर सदस्य को कार्ड उपलब्ध कराएंगे। कोविड-19 के निःशुल्क उपचार के लिए अभियान चलाकर सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक सदस्य को अलग कार्ड मिल सके। - **शिवराज सिंह चौहान**, सीएम

## पैकेज यूं बढ़ाया

निजी अस्पतालों के लिए आयुष्मान पैकेज की दरों में 40 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इसमें जो जांच पहले 5 हजार रुपए प्रति परिवार थी, उसे प्रति कार्डधारी किया है।

विस्तृत @ राजनीति पेज

पत्रिका
8-5-2021

## व्यर्थ बहा हजारों लीटर पानी...



रतलाम के कस्तूरबानगर मुख्य मार्ग स्थित सुमंगल गार्डन के बाहर शुक्रवार सुबह पाइप लाइन लीकेज होने से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह गया। मुख्य मार्ग के साथ सुंदर वन जाने वाली सड़क पर पानी की रेलमपेल से राहगीरों व दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा। •नईदुनिया 8-5-21

नईदुनिया 8-5-2021.

# सिवरेज खुदाई के बाद जर्जर सड़क...एजेंसी की लापरवाही से वाहन चालक परेशान

रतलाम। शहर में सीवरेज एजेंसी द्वारा सड़कों तथा गलियों की खुदाई करके सड़कों पर लापरवाहीपूर्वक गड्ढे भर दिए गए हैं। परिणाम स्वरूप जर्जर सड़कों पर वाहन चालक तथा गलियों में उड़ रही धूल से आम नागरिक परेशान हैं। लापरवाही से वाहन चालकों के वाहन सड़कों पर धस रहे है और घंटों उन्हें निकालने के लिए मशक्कत करना पड़ रही हैं।

क्षेत्रीय रहवासी दिलीप सोलंकी ने बताया कि नगर निगम प्रशासन ने सड़क निर्माण व मरम्मत का आश्वासन दिया था। अभी तक निर्माण नहीं हुआ और क्षेत्रीय रहवासी परेशान हैं। निगम प्रशासन की अनदेखी के चलते रतलाम ऊबड़-



बहुत परेशानी हो रही है। दिनभर धूल उड़ने के कारण क्षेत्रीय रहवासी परेशान हैं। वहीं लापरवाहीपूर्वक खोदी गई सड़कों पर भराव कर दिया गया है। इससे वाहन चालकों के वाहन सड़क पर धस

# 30 दिन में तीन गुना से भी अधिक बढ़ गए एक्टिव केस


**कोरोना कहर** ● नए संक्रमितों के साथ मौत के आंकड़े में लगातार हो रही वृद्धि, मरीजों के मान से जरूरी व्यवस्थाएं जुटा पाना मुश्किल हो रहा

रतलाम। जिले में हर दिन नए संक्रमितों के साथ मौत का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। बीते 30 दिनों में एक्टिव केस में तीन गुना से अधिक की बढ़ोतरी हो गई है। मरीजों की बढ़ती संख्या से जिम्मेदारों के हाथ-पैर फूलने लगे हैं। व्यवस्थाएं ध्वस्त हो रही है और मरीजों की असमय सांसों की डोर टूटती जा रही है। कहने को तो जिले में लाकडाउन लागू है, लेकिन इसका इक्का-दुक्का स्थानों को छोड़कर कहीं भी सख्ती से पालन नहीं हो रहा है। नतीजतन संक्रमण फैलता जा रहा है।

## 11 अप्रैल 2020 को मिला था कोरोना का पहला मरीज

**699** 6 अप्रैल को एक्टिव मरीज

**2346** 6 मई को एक्टिव मरीज



(2)

# किल कोरोना : शहर में आठ कोविड सहायता केंद्र बनाए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

8-5-2021

कोरोना संक्रमण को लेकर चलाए जाने वाले किल कोरोना-तीन अभियान को लेकर शहर में 8 कोविड सहायता केंद्र बनाए हैं। इनमें नगर निगम अधिकारी व कर्मचारी, मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्टाफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति की है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने केंद्रों का नोडल अधिकारी कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल को बनाया है। मेडिकल व अन्य स्टाफ के लिए नईम मोहम्मद खान प्रभारी एपीएम और लोकेश-वैष्णव प्रभारी बीईई को नोडल अधिकारी बनाया है। सर्दी, खांसी वाले की प्राथमिक जांच और परामर्श देगा। लक्षण होने पर फीवर क्लीनिक जाएगा।

## जानिए, किस वार्ड के लिए कौन-सा सहायता केंद्र है

- टीआईटी रोड डिस्पेंसरी 33, 34, 35, 36,31
- जावरा रोड प्राथमिक स्कूल डीमार्ट रोड 30, 31, 32
- दिलीप नगर डिस्पेंसरी 27, 28, 29
- मोतीनगर प्राथमिक स्कूल 20, 21, 22, 23, 24, 25, 44, 45
- हाकिमवाड़ा डिस्पेंसरी 26, 37, 38, 39, 40, 41, 42, 43
- सुभाषनगर कम्युनिटी हॉल 15, 16, 17, 18, 19, 46, 47, 48, 49
- अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8
- रेडक्रॉस भवन विरियाखेड़ी 9, 10, 11, 12, 13 व 14

दै० भास्कर 8-5-2021

# शहर में आठ कोविड सहायता केंद्रों पर मिलेगा उपचार

रतलाम। किल कोरोना अभियान के तहत रतलाम नगर निगम सीमा क्षेत्र में आठ स्थानों पर कोविड सहायता केंद्र का संचालन किया गया है। इसमें नगर निगम अधिकारी/कर्मचारी, मेडिकल आफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, स्टाफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी



कार्यकर्ता की नियुक्ति की गई है। इन केंद्रों पर नियुक्त नगर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा कोविड सहायता केंद्र पर नियुक्त स्टाफ के लिए नईम

## इस तरह रहेगी व्यवस्था

| कोविड सहायता केंद्र | वार्ड नंबर |
|---|---|
| टीआइटी रोड डिस्पेंसरी | 33, 34, 35, 36 व 31 |
| जावरा रोड प्राथमिक स्कूल डी मार्ट रोड | 30, 31 व 32 |
| दिलीप नगर डिस्पेंसरी | 27, 28 व 29 |
| मोती नगर प्राथमिक स्कूल | 20, 21, 22, 23, 24, 25, 44 व 45 |
| हाकिमवाड़ा डिस्पेंसरी | 26, 37, 38, 39, 40, 41, 42 व 43 |
| सुभाष नगर कम्युनिटी हाल | 15, 16, 17, 18, 19, 46, 47, 48 व 49 |
| अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गणेश नगर | 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 व 8 |
| रेडक्रास भवन विरियाखेड़ी मेन रोड | 9, 10, 11, 12, 13 व 14 |

प्रभारी बीईई से 7999606919 को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

कोविड सहायता केंद्र पर शीघ्रातिशीघ्र सर्दी/खांसी के लक्षण वाले रोगियों की प्राथमिक जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। गले में खराश/सांस लेने

लक्षण आधारित उपचार व संभावित कोविड-19 रोगियों का निकटस्थ फीवर क्लीनिक पर रेफरल का कार्य किया जाएगा। सात दिन में बुखार व बुखार के साथ कोई अन्य लक्षण कमजोरी, चक्कर, दस्त, गंध अथवा स्वाद कम

**तीन कलेक्टर बदले:** पहले अनूप कुमार को बनाया दमोह कलेक्टर, फिर 4 घंटे बाद एस

# दमोह में हार के बाद राठी को हटाया, गुना के कु

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. राज्य सरकार ने शुक्रवार को पांच आइएएस अफसरों के तबादले कर दिए। इनमें तीन कलेक्टरों को भी बदला है। खास यह कि दमोह उपचुनाव में भाजपा की हार के बाद कलेक्टर तरुण राठी को हटा दिया गया है। उन्हें बिना विभाग मंत्रालय में उपसचिव बनाया है। दमोह की कमान पहले जबलपुर के अपर कलेक्टर अनूप कुमार सिंह को सौंपी गई। 4 घंटे बाद ही आदेश संशोधित कर इंदौर नगर निगम के अपर आयुक्त एस कृष्ण चैतन्य को दमोह कलेक्टर पदस्थ कर दिया। रतलाम कलेक्टर गोपालचंद्र डाड को भी हटाकर मंत्रालय में बैठा दिया है। वहीं, गुना कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को रतलाम कलेक्टर बनाया है। बालाघाट में अपर कलेक्टर के तौर पर काम कर रहे फ्रैंक नोबेल को अब गुना कलेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## किसे कहां भेजा

| | |
|---|---|
| **गोपाल चंद्र डाड**<br>रतलाम कलेक्टर से अपर सचिव मंत्रालय | **फ्रैंक नोबल ए**<br>अपर कलेक्टर बालाघाट से गुना कलेक्टर |
| **तरुण राठी**<br>दमोह कलेक्टर से उपसचिव मंत्रालय | **अनूप कुमार सिंह**<br>अपर कलेक्टर जबलपुर से दमोह कलेक्टर |
| **कुमार पुरुषोत्तम**<br>गुना कलेक्टर से रतलाम कलेक्टर | **एस कृष्ण चैतन्य**<br>अपर आयुक्त नगर निगम इंदौर से दमोह कलेक्टर |

### संक्रमण रोकने में डाड फेल

दमोह उपचुनाव के नतीजों के बाद से ही कलेक्टर के खिलाफ भाजपा में नाराजगी थी, इसलिए राठी को हटा दिया गया। वहीं गुना में कुमार पुरुषोत्तम को लेकर सियासी फीडबैक ठीक नहीं था। रतलाम में तेजी से बढ़ते कोरोना संक्रमण को रोकने में नाकाम गोपाल चंद्र डाड को मंत्रालय में बैठा दिया गया।

पत्रिका
8-5-2021।

सीईओ ने बनाई योजना, गांव में देंगे मनरेगा में काम

# 1 साल पूर्व के पीएम आवास अब होंगे पूरे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. वित्तीय वर्ष 2019-2020 के अधूरे पड़े प्रधानमंत्री आवास योजना के रुके हुए काम में अब गति आएगी। कोरोना के चलते एक वर्ष से रुके हुए इन आवास के निर्माण को गति देने के लिए जनपद अनुसार जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षीसिंह ने कार्ययोजना बनाई है। इसके लिए उन्होंने सभी जनपद सीईओ से बात करके काम में गति लाने के लिए मनरेगा के अनुसार काम करने को कहा है। अब तक सबसे बेहतर काम इस योजना में जावरा विधानसभा के जावरा व पिपलौदा जनपद में हुआ है जबकि योजना में सबसे पिछे सैलाना जनपद है। जिले में कुल 15474 हजार पीएम आवास बनने थे, जिसमे अब तक 11616 हजार बन गए है।

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के काम में शुरू से गति कमजोर रही है। वर्ष 2019-2020 के काम जिले में 76 प्रतिशत ही हुए है, लेकिन बात 2020-2021 की करें तो अभी इतना काम भी नहीं हुआ है। जब सिंह ने जिला पंचायत सीईओ के रुप में काम संभाला तो उन्होंने हर योजना की विभागीय समीक्षा की। इसके बाद ही पीएम आवास योजना की गति कमजोर देखने के बाद जिले के सभी जनपद सीईओ से इस मामले में बात की व मनरेगा योजना अंतर्गत काम को गति देने को कहा। इसके बाद ही अब इन कार्यो को फिर से शुरू करने पर निर्णय हो गया है। इस समय कोरोना के चलते मजदूर भी आसानी से उपलब्ध है व गर्मी के चलते अन्य किसी कार्य में व्यस्त भी नहीं है।

| जनपद | टारगेट | पूरे हुए | सफलता का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| आलोट | 1951 | 1717 | 76.31 |
| बाजना | 5970 | 4395 | 73.61 |
| जावरा | 685 | 576 | 93.65 |
| पिपलौदा | 865 | 734 | 90.06 |
| रतलाम | 899 | 675 | 83.85 |
| सैलाना | 5104 | 3519 | 69.05 |
| **कुल** | **15474** | **11616** | **76.31** |

## तेजी से काम करने को कहा है

जिले में पीएम आवास योजना में तेजी से काम पूरे करने को कहा है। विभिन्न कारण के चलते वित्तीय वर्ष 2019-2020 के निर्माण कार्य भी पूरे नहीं हो पाए है. अब इनको मनरेगा सहित अन्य योजना अंतर्गत पूरा कराना तय किया है।

**- मीनाक्षीसिंह**, सीईओ जिला पंचायत

पत्रिका
8-5-2021

# रतलाम में 379 नए पॉजिटिव मिले, 4 मौत

रतलाम | हमारे जिले में कोरोना संक्रमित का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को एकसाथ 379 पॉजिटिव मिले। इसमें पिपलौदा के 53, सैलाना के 17, शिवगढ़ के 19, बिलपांक के 27 पॉजिटिव भी शामिल हैं। 4 लोगों ने कोरोना से दम तोड़ दिया। जिले में अब तक 7 दिन में 2477 पॉजिटिव सामने आ चुके हैं, जो कि अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। शुक्रवार को मिली रिपोर्ट में एक 3 साल के बच्चे के साथ ही दो 7 साल के बच्चे शामिल हैं। 5 मई को 385 पॉजिटिव सामने आए थे, जो कि अब तक का एक दिन में मिले पॉजिटिव का सबसे बड़ा आंकड़ा है। जिले में एक्टिव केस 2701 हो गए हैं, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

दै. भास्कर 8-5-2021

# जिले में कोरोना मरीज 13 हजार पार, 200 से अधिक मौत

## मेडिकल कॉलेज से शुक्रवार को 45 व्यक्ति डिस्चार्ज हुए

पत्रिका 8-5-21



रतलाम. जिले में कोरोना अब बेकाबू हो गया है। अब तक 13 हजार के पार कोरोना मरीज आ गए है। अच्छी बात यह है कि जितने मरीज आ रहे है, उसी अनुरुप इनके ठीक होने का क्रम भी जारी है। एक तरफ जहां 13 हजार से कुछ अधिक कोरोना मरीज अब तक आ चुके है वहीं 10375 मरीज अब तक ठीक होकर अपने घर चले गए है। हालांकि अब भी 2500 मरीज एक्टिव केस है। इनसब के बीच शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज से 45 मरीज ठीक होकर अपने घर गए है। हालांकि अब तक 200 मरीजो की मौत हो गई है।

मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल से स्वस्थ होकर शुक्रवार को 45 व्यक्ति अपने घर लौटे। डिस्चार्ज होते समय इन लोगों ने कोविड के नियमों का पालन करने तथा अपने परिजनों को भी सभी नियमों का पालन कराने का संकल्प लिया। डिस्चार्ज हुए लोगों ने मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए यहां के स्टाफ को धन्यवाद दिया।

### 63 नए मरीज हुए भर्ती

मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज में 63 नए मरीज भर्ती हुए। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आईसीयू बेड 56 सभी फुल है, एचडीयू में 172 बेड सभी फुल हैं। ऑक्सीजन बेड 120 सभी फुल है, नॉन ऑक्सीजन बेड 202 में से 115 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 463 पेशेंट हॉस्पिटल में भर्ती है इनमें 324 पॉजीटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या ऑक्सीजन लेवल वाले हैं। हॉस्पिटल में रिक्त बेड 87 है। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार आज तक टोटल रिसीव्ड 4744, डिस्ट्रीब्यूटेड 1101, कन्ज्यूम्ड 3597, करंट स्टाक 46 है। डॉ. गुप्ता बताया कि मरीजों एवं उनके परिजनों को सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए किए जा रहे प्रयासों में निरंतर वृद्धि की जा रही है। कॉलेज के डीन डॉ. गुप्ता ने आमजन से अपनेघर पर रहने व जरुरी होने पर मास्क लगाकर निकलने की अपील की है।

## पत्रिका कोरोना हेल्प कॉर्नर

### कोविड सेंटर हेल्पलाइन नंबर

जीएमसी हेल्प लाइन - 07412 284433
जीएमसी हेल्प डेस्क - 94071 96101
जीएमसी हेल्प लाइन - 07412 284421

### निजी वैक्सीन सेंटर

आरोग्यम हॉस्पिटल
गीतादेवी हॉस्पिटल
साई श्री हॉस्पिटल
श्रद्धा हॉस्पिटल
जैन दिवाकर हॉस्पिटल



### वैक्सीन सेंटर

बाल चिकित्सालय
पुराना कलेक्टेट

### वेंटिलेटर सुविधा युक्त अस्पताल

मेडिकल कॉलेज
सीएचएल
जीवांश हॉस्पिटल
रतलाम हॉस्पिटल

### आइसीयू बेड की सुविधा वाले अस्पताल

| | |
|---|---|
| मेडिकल कॉलेज | 146 |
| रेलवे हॉस्पिटल | 20 |
| आयुष ग्राम बंजली | 10 |
| जीडी हॉस्पिटल | 10 |
| सीएचएल | 10 |
| जीवांश हॉस्पिटल | 05 |
| गायत्री हॉस्पिटल | 05 |
| आरोग्यम | 05 |
| रतलाम हॉस्पिटल | 06 |
| शाह हॉस्पिटल | 05 |
| डॉ जीतमल हॉस्पिटल | 05 |

जिले में गत छह अप्रैल को एक्टिव केस की संख्या 699 थी, जो मई की छह तारीख को बढ़कर 2346 पर पहुंच गई है। यानी 30 दिनों में एक्टिव केस की संख्या तीन गुना से भी ज्यादा हो गई है। उधर, नए संक्रमितों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी जारी है। ऐसे में मरीजों के मान से जरूरी व्यवस्थाएं जुटा पाना मुश्किल हो रहा है। उल्लेखनीय है कि शहर में कोरोना का पहला मरीज 11 अप्रैल-20 को मिला था। मोचीपुरा निवासी जूता व्यापारी के पाजिटिव आते ही हड़कंप मच गया था। तावड़तोड़ मरीज को पहले मेडिकल कालेज फिर उज्जैन रेफर किया गया था। इसके पहले 4 अप्रैल 2020 को इंदौर में रतलाम के हाट रोड निवासी एक 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। मृतक का शव रतलाम लाकर जनाजा निकलते हुए शव दफनाया गया था। बाद में मृतक के कोरोना पाजिटिव होने की बात सामने आई तो लोहार रोड क्षेत्र में करीब तीन किमी हिस्से को कंटेनमेंट क्षेत्र बनाया गया था। आवाजाही बंद कर कंटेनमेंट क्षेत्रों में जरूरी चीजों की सप्लाई नगर निगम के माध्यम से कराई गई थी।

कोविड के विरुद्ध लड़ाई में पूरे प्रदेश में वैक्सीनेशन की प्रक्रिया निरंतर जारी है। सरकार व शासन को सहयोग कीजिए। यह टीका पूर्णतः निशुल्क लगाया जा रहा है। अभी सभी अपने घर में ही रहें। खांसते और छींकते समय नाक और मुंह को रुमाल से ढंककर रखें। इम्युनिटी बढ़ाने के लिए प्रतिदिन योग करें व पौष्टिक आहार लें।



- विकेश मेहरा, पूर्व प्रदेश मंत्री भाजयुमो, शुक्रवारिया जावरा

कोरोना संक्रमण की रफ्तार को रोकना है तो शासन की गाइड-लाइन का आमजन पूरी जिम्मेदारी से पालन करें। इस महामारी पर नियंत्रण के लिए शासन द्वारा भी युद्ध स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का टीकाकरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। अभी मास्क ही सबसे बड़ा हथियार है जो इस महामारी को फैलने से रोक सकता है।




- अनिल दसेड़ा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, कोठी बाजार जावरा

मास्क भी जरूरी है और वैक्सीन भी जरूरी है। जब भी आपका नंबर आए वैक्सीन जरूर लगवाएं। यदि आपको बुखार, कफ या खांसी, अचानक स्वाद या गंध महसूस न होना, गले में खराश, सांस की तकलीफ जैसे लक्षण दिखाई दें तो अपने चिकित्सक की सलाह लेकर इलाज करवाएं।



- शेखर मांडोत, व्यवसायी, कोठी बाजार जावरा

मास्क पहनें। अपने हाथों को बार-बार धोएं। शारीरिक दूरी का पालन करना ही कोरोना महामारी पर विजय दिला सकता है। जहां तक संभव हो अपनी आंखों, नाक और मुंह को छूने से बचें। जरूरी होने पर आपको यदि घर से बाहर जाना भी पड़े तो गाइड-लाइन का पालन करें। टीका जरूर लगवाएं। यह पूरी तरह सुरक्षित है।



- दक्षा विजयवर्गीय, छात्रा, पुलिस थाना रोड जावरा

कोरोना काल में मास्क ही जीवन है। यदि मास्क नहीं लगाएंगे तो कोरोना संक्रमण से बचकर रहना बहुत मुश्किल हो जाएगा। अपनी सुरक्षा ही बचाव का तरीका है। शासन-प्रशासन की गाइड-लाइन का सख्ती से पालन करें। बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। शारीरिक दूरी का पालन कर भीड़भाड़ में जाने से बचें।



- बंशीलाल खारीवाल, इप्का कर्मचारी, शेरपुर

कोरोना की भयावह स्थिति को देखते हुए हम सभी को सुरक्षित रहने के लिए रहन-सहन के तरीके को बदलना पड़ेगा। शादी-ब्याह और पगड़ी जैसे कार्यक्रम में भीड़ एकत्र नहीं करें। कोरोना की वैक्सीन सभी जरूर लगवाएं। टीका लगवाने के बाद भी दो गज की दूरी और मास्क लगाना जरूरी है। कोरोना से स्वयं भी बचें और दूसरों को भी बचाएं।



- सुरेश पाटीदार, सिमलावदा

**एक अनार और सौ बीमार :** कोरोना संक्रमितों की बढ़ती संख्या ने सभी को चिंता में डाल दिया है। मरीजों की बढ़ती संख्या में तमाम तरह की व्यवस्थाएं बिगड़ती जा रही हैं। सरकारी और निजी अस्पतालों में बेड फुल हो गए हैं। नए मरीजों को भर्ती करने के लिए कहीं भी बेड उपलब्ध नहीं है। शासन-प्रशासन द्वारा जैसे-तैसे मरीजों को उपचार मुहैया कराने के प्रबंध किए जा रहे हैं। इन सबसे महत्वपूर्ण मरीजों के उपचार में उपयोग आने वाली जरूरी दवा, इंजेक्शन, आक्सीजन की कमी भी दूर नहीं हो पा रही है। वर्तमान में मरीजों के मान से कहीं भी पर्याप्त दवा उपलब्ध नहीं है। मरीजों के स्वजन शहर के विभिन्न मेडिकल स्टोर पर चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कहीं से भी उन्हें राहत नहीं मिल रही है। मरीजों के अन्य स्थानों व महानगरों में रहने वाले स्वजन भी जरूरी दवा-इंजेक्शन के इंतजाम में हर स्तर पर प्रयास कर रहे हैं। जिले में कोरोना के उपचार में उपयोग आने वाली दवाओं की स्थिति 'एक अनार और सौ बीमार' जैसी बनी हुई है।

**अब सख्ती के डंडे की जरूरत :** जिले में लगातार लाकडाउन बढ़ाया जा रहा है, लेकिन इसका सख्ती से पालन नहीं कराया जा रहा है। नतीजतन संक्रमण की रफ्तार थमने के बजाय बढ़ती जा रही है। जागरूक नागरिकों का कहना है कि शासन-प्रशासन को कोरोना की चेन तोड़ने के लिए हर वर्ग के अनुभवी लोगों का सहयोग लेकर मजबूत कार्ययोजना बनाना चाहिए। वर्तमान में लाकडाउन का कुछ स्थानों पर पालन हो रहा है। प्रतिदिन जिले में लाकडाउन उल्लंघन के दर्जनों मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि जिम्मेदारों द्वारा सूचना मिलने पर कार्रवाई की जा रही है। फिर भी कुछ लोग कार्रवाई के बाद भी लाकडाउन का उल्लंघन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि दूसरों की गलतियों का खामियाजा नियमों का पालन करने वालों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में अब लापरवाही बरतने वालों पर सख्ती का डंडा चलाना की जरूरत है।


**उपचार के अभाव में मौत दुर्भाग्यपूर्ण :** अजाक्स जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर लश्करी ने बताया कि शहर में उपचार के अभाव में मौत के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ये स्थिति चिंताजनक है। जिम्मेदारों को अस्पताल पहुंचने वाले सभी मरीजों को उपचार उपलब्ध करवाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि बुधवार को मेडिकल कालेज के गेट पर एक मरीज को भीतर नहीं जाने दिया गया और उसकी वहीं मौत हो गई थी। मंगलवार को भर्ती नहीं करने पर एक अभिभावक ने बाइक पर दम तोड़ दिया था।

# 379 नए पाजिटिव केस और चार की मौत

## अप्रैल में 200 से अधिक मरीज सामने आ रहे थे, मई में हर दिन आंकड़ा 300 के पार



मेडिकल किट उपलब्ध करवाती हुई कार्यकर्ता। ●नईदुनिया



थर्मल स्क्रीनिंग करती हुई कार्यकर्ता। ●नईदुनिया



रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में लगातार बढ़ रही कोरोना संक्रमितों की संख्या ने सभी की चिंता बढ़ा दी है। अप्रैल में जहां 200 से अधिक मरीज सामने आ रहे थे, वहीं मई में हर दिन आंकड़ा 300 के पार जाकर 400 के करीब आ गया है। मौत का आंकड़ा भी कम नहीं हो रहा है। हर दिन चार-पांच मौत हो रही है।

मई माह के सातवें दिन शुक्रवार को 379 नए पाजिटिव केस सामने आए। चार की मौत भी हुई। 20 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 2701 है। मई के सात दिन में कुल 2477 नए संक्रमित सामने आए हैं और 1642 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। 29 मौत हुई। पेंडिंग सैंपलों की संख्या भी 1500 से अधिक बनी हुई है।

### मेडिकल कालेज में 63 नए मरीज भर्ती

शासकीय मेडिकल कालेज में शुक्रवार को 63 नए मरीज भर्ती हुए। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आइसीयू बेड 56, एचडीयू में 172 बेड, आक्सीजन बेड 120 सभी फुल हैं। नान आक्सीजन बेड 202 में से 115 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 463 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 324 पाजिटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या ऑक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 87 हैं। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार आज तक टोटल रिसीव्ड 4744, डिस्ट्रीब्यूटेड 1101, कन्ज्यूम्ड 3597, करंट स्टाक 46 है। उन्होंने बताया कि मरीजों व स्वजन को सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए किए जा रहे प्रयासों में निरंतर वृद्धि की जा रही है।



शासकीय कार्यालय में सैनिटाइजेशन करते हुए निगमकर्मी। ●नईदुनिया

### जिले में कोरोना की अब तक की स्थिति

| | |
|---|---|
| पाजिटिव | 13284 |
| स्वस्थ हुए | 10360 |
| मौत | 223 |
| एक्टिव मरीज | 2701 |



### होम आइसोलेट 138 मरीजों मेडिसिन किट वितरित

ई-दक्ष केंद्र से शुक्रवार को होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 173 मेडिसिन किट प्राप्त कर नगर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलों को वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्ड वार गठित दलों द्वारा होम आइसोलेशन के मरीजों के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया। इसके तहत सूची अनुसार 138 मरीजों को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। नौ मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया गया। आठ मरीजों के कांटेक्ट नंबर व पते गलत पाए गए तथा आठ मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया। 10 मरीजों को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया।

### ट्रैक्टर और फायर लारी से किया सैनिटाइज

नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लारी व ट्रैक्टर के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को एक प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड मिलाकर एक लाख लीटर से सैनिटाइजेशन किया जा रहा है। शुक्रवार को फायर लारी व ट्रैक्टर के माध्यम से मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी, जवाहर नगर मुक्तिधाम, राम बाग, माली कुआं, हरमाला रोड, शांति नगर, शुभ विहार कालोनी, टीआइटी रोड, सिविक सेंटर, राम मंदिर सब्जी मंडी, देवरादेवनारायण नगर सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैंड मशीन के माध्यम से मेडिकल कालेज, माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयों आदि में सैनिटाइजेशन का कार्य किया गया।

...र, फिर 4 घंटे बाद एस कृष्ण को सौंप दी जिम्मेदारी

# ...ा, गुना के कुमार अब रतलाम कलेक्टर

### संक्रमण रोकने में डाड फेल

दमोह उपचुनाव के नतीजों के बाद से ही कलेक्टर के खिलाफ भाजपा में नाराजगी थी, इसलिए राठी को हटा दिया गया। वहीं गुना में कुमार पुरुषोत्तम को लेकर सियासी फीडबैक ठीक नहीं था। रतलाम में तेजी से बढ़ते कोरोना संक्रमण को रोकने में नाकाम गोपाल चंद्र डाड को मंत्रालय में बैठा दिया गया।

## इंदौर: कलेक्टर ने अपने व्यवहार पर जताया खेद



मुस्कुराते हुए कलेक्टर मनीष सिंह ने जब ग्रुप फोटो के लिए खड़े होने कहा तो डॉ. पूर्णिमा हाथ जोड़ते हुए दूर खड़ी हो गई। फोटो:मनीष व्यास

**इंदौर.** कोरोना महामारी के बीच कलेक्टर और स्वास्थ्य विभाग के बीच चल रहा विवाद आखिरकार दूसरे दिन थम गया। कलेक्टर मनीष सिंह ने अपने व्यवहार के लिए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूर्णिमा गाडरिया से खेद जताया। कलेक्टर ने कहा, डॉ. गाडरिया अच्छा काम करती हैं। कुछ लापरवाही को लेकर मैंने नाराजगी जताई थी। यह एक पारिवारिक मामला था, जो अब सुलझ चुका है।

पत्रिका
5-5-2021

## नगर में प्रतिदिन किया जा रहा है सेनेटाईजेशन



तलाम। नगर के नागरिकों को कोरोना ायरस के संक्रमण से बचाने हेतु कलेक्टर श्री गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। 06 मई को फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी, अहिंसा ग्राम, पूनम विहार कालोनी, शक्ति नगर, बिरियाखेड़ी, ऑफिसर्स कालोनी, कसारा बाजार सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों मे सेनेटाईजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयो आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया गया। नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

### घर-घर जाकर कर रहे दवा का छिड़काव

## संक्रमण से बचाने निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों को फायर लॉरी से किया सैनेटाइज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शहर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है। इसके साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। निगम का दस्ता स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह के निर्देशन में दवा का छिड़काव भी कर रहा है।

नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व टेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। शुक्रवार को फायर लॉरी व टेक्टर ट्रॉली से मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी, जवाहर नगर मुक्तिधाम, राम बाग, माली कुआं, हरमाला रोड, शांति नगर, शुभ विहार कालोनी, टीआईटी रोड, सिविक सेन्टर, राम मंदिर सब्जी मण्डी, देवरा देव नाराण नगर सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया। नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

पत्रिका
8-5-2021

## नगर के विभिन्न क्षेत्रों को फायर लॉरी से किया सेनेटाईज



रतलाम। नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व टेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। 07 मई को फायर लॉरी व टेक्टर ट्रॉली से मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी, जवाहर नगर मुक्तिधाम, राम बाग, माली कुआं, हरमाला रोड, शांति नगर, शुभ विहार कालोनी, टीआईटी रोड, सिविक सेन्टर, राम मंदिर सब्जी मण्डी, देवरा देव नाराण नगर सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयो आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया गया। नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

## नगर के विभिन्न क्षेत्रों को फायर लॉरी से किया सेनेटाइज

रतलाम। नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराइज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व टेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। 7 मई को फायर लॉरी व टेक्टर ट्रॉली से मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी, देवरा देव नाराण नगर सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया।

दबंग दुनिया 8-5-2021

इन्दौर समाचार 8-5-2021

# सख्ती के बावजूद रात में निकले लोगों पर लाठियां भांजी



रतलाम. कोरोना संक्रमण रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन में कुछ छूट थी वह खत्म करने के बावजूद लोग बेवजह घूमने से बाज नहीं आ रहे हैं। लोगों को बार-बार घरों में रहने की हिदायत देने के बाद में भी निकल रहे हैं। ऐसे लोगों पर स्टेशन और क्षेत्र पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार की रात करीब 10.30 बजे बिना वजह बाइक लेकर सड़कों पर निकलने वालों पर पुलिस ने लाठिया चलाई तो लोग भाग खड़े हुए।

पत्रिका 8-5-2021



रतलाम| लॉकडाउन को लेकर शुक्रवार को पुलिस सख्त हुई। शाम को ट्रैफिक थाने के सामने पुलिस ने रात 8 से 9:30 बजे तक डंडे चलाए। सख्ती ऐसी रही कि कुछ युवक बाइक छोड़कर भाग गए। बगैर कारण घूम रहे 46 लोगों को अस्थाई जेल भेजा । बगैर मास्क के घूम रहे 163 लोगों के चालान बनाकर शमन शुल्क वसूला है। 88 वाहनों के चालान बनाए हैं। शनिवार से सुबह-शाम दोनों समय चेकिंग चलेगी।

दै. भास्कर

8-5-2021

अच्छी खबर **माइल्ड व पोस्ट कोविड मरीजों को प्राथमिकता**

# 30 बेड का सहयोग कोविड केयर सेंटर शुरू

रतलाम। कोरोना काल में सामाजिक समन्वय द्वारा स्थापित 30 बेड के सहयोग कोविड केयर सेंटर का शुभारंभ योग विशेषज्ञ डा. ओसी जैन, वरिष्ठ समाजसेवी खुर्शीद अनवर, मेडिकल कालेज के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता, सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर ने किया।

यह सेंटर शासकीय मेडिकल कालेज की गाइड लाइन अनुसार सुव्यवस्थित सभी संसाधन से परिपूर्ण है। कोविड केयर सेंटर में माइल्ड व पोस्ट कोविड मरीजों को प्राथमिकता दी जाएगी। ओपीडी के साथ सभी बेड आक्सीजनयुक्त, वरिष्ठ चिकित्सक, छह आयुष डाक्टर व नर्सिंग स्टाफ तीन शिफ्ट में उपस्थित रहेंगे। उक्त सेंटर का संचालन समाजसेवीगण, लायंस आफ रतलाम, आयशा सिद्धिका गर्ल्स हास्टल कमेटी द्वारा किया जाएगा।



सहयोग कोविड केयर सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए योग विशेषज्ञ डा. ओसी जैन, वरिष्ठ समाजसेवी खुर्शीद अनवर। • नईदुनिया

शुभारंभ अवसर पर नोडल आफिसर डा. प्रमोद प्रजापति, एपीडोलोजिस्ट डा. गौरव बोरीवाल, डा. सरवर गौरी, डा. अकरम खान, डा. गणेश पाटीदार, सहयोग संस्था की यास्मीन शेरानी, राजकमल जैन, प्रीतमसिंह सोढ़ी, प्रवीण रामावत, परवेज भाई निखार, यूनुस भाई ताज, मुबारिक शेरानी, अल्पना व्होरा, वर्षा सारस्वत, शबाना जीवा खान, नीलेश पोरवाल, दिनेश पोरवाल, याहया खान, शाहिद अंसारी, पप्पू सकलेचा, आलोक गांधी, निरीश रुनवाल, संजय छाजेड़, गोपाल जोशी, सुलोचना शर्मा, एहतेशाम मंसूरी, मुबीना गौरी, शेरू पठान आदि उपस्थित थे।

नईदुनिया 8-5-2021

# सामाजिक समन्वय से 30 बेड का कोविड केयर सेंटर शुरू, सभी बेड ऑक्सीजनयुक्त

## खाचरौद रोड स्थित गर्ल्स होस्टल में 6 आयुष डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ 3 शिफ्ट में मौजूद रहेगा



खाचरौद स्थित गर्ल्स होस्टल में शुरू किए गए कोविड केयर सेंटर के शुभारंभ पर सर्वधर्म प्रार्थना की गई।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

खाचरौद रोड स्थित गर्ल्स होस्टल मे 30 बेड का सहयोग कोविड केयर सेंटर शुक्रवार को शुरू किया। यह सुव्यस्थित सभी संसाधन से परिपूर्ण 30 बेड का कोविड केयर सेंटर जहां माइल्ड पेशेंट व पोस्ट कोविड पेशेंट को प्राथमिकता रहेगी। ओपीडी के साथ सभी बेड ऑक्सीजन युक्त व वरिष्ठ चिकित्सक, 6 आयुष डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ 3 शिफ्ट में मौजूद रहेंगे।

सामाजिक समन्वय द्वारा स्थापित 30 बेड का सहयोग कोविड केयर सेंटर को सर्व धर्म प्रार्थना के साथ शुरू किया। योग गुरु डॉ. ओ सी जैन, समाजसेवी खुर्शीद अनवर, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. आनंद चन्देलकर व समाजसेवी मौजूद रहे। सहयोग संस्था के यास्मीन शेरानी और राजकमल जैन ने बताया उक्त सेंटर का संचालन जीएमसी की गाइडलाइन अनुसार किया जाए ।

संचालन लायंस ऑफ रतलाम, आइशा सिद्धिका गर्ल्स हॉस्टल कमेटी द्वारा किया जा रहा है। नोडल ऑफिसर डॉ. प्रमोद प्रजापत, एपिडिमोलॉजिस्ट डॉ. बोरिवाल, डॉ. सरवर गौरी, डॉ. अकरम खान, डॉ. गणेश पाटीदार, प्रीतमसिंह सोढ़ी, प्रवीण रामावत, परवेज भाई निखार, युनुस भाई ताज, अल्पना व्होरा, वर्षा सारस्वत, शबाना जीवाखान, नीलेश पोरवाल, दिनेश पोरवाल, याहया खान, शाहिद अंसारी, पप्पू सकलेचा, आलोक गांधी, निरीश रुनवाल, संजय छाजेड़, गोपाल जोशी, डॉ. सुलोचना शर्मा, एहतेशाम मंसूरी, मुबीना गौरी, शेरू पठान सहित अन्य मौजूद रहे।

3

मरीजों को मिलेगा कोविड का उपचार

# किल कोरोना अभियान : आठ कोविड केंद्र की शुरुआत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 8-5-21

रतलाम. कोरोना-3 अभियान के तहत नगर निगम 8 स्थानों पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन शुरू कर रहा है।

किल कोरोना-3 अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 33, 34, 35, 36 व 31 हेतु टीआईटी रोड डिस्पेंसरी, वार्ड 30, 31 व 32 हेतु जावरा रोड प्राथमिक स्कूल डी मार्ट रोड, वार्ड 27, 28 व 29 हेतु दिलीप नगर डिस्पेंसरी, वार्ड 20, 21, 22, 23, 24, 25, 44 व 45 हेतु मोती नगर प्राथमिक स्कूल, वार्ड क्रमांक 26, 37, 38, 39, 40, 41, 42 व 43 हेतु हाकिमवाड़ा डिस्पेंसरी, वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18, 19, 46, 47, 48 व 49 हेतु सुभाष नगर कम्युनिटी हॉल, वार्ड 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 व 8 अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गणेश नगर व वार्ड क्रमांक 9, 10, 11, 12, 13 व 14 हेतु रेडक्रास भवन बिरियाखेड़ी मेन रोड पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन शुरू कर दिया गया है।

## यह नोडल अधिकारी

उक्त केन्द्रों पर नियुक्त नगर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा कोविड सहायता केन्द्र पर नियुक्त मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेतु श्री नईम मोहम्मद खान प्रभारी एपीएम मोन 9685330094 व लोकेश वैष्णव प्रभारी बीईई मोन 7999606919 को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## यह मिलेगा उपचार

कोविड सहायता केन्द्र पर सर्दी/खांसी/फ्लू के लक्षण वाले रोगियों की प्राथमिक जांच एवं परामर्श दिया जायेगा। कोविड-19 रोगियों का निकटस्थ फीवर क्लीनिक पर रेफरल का कार्य किया जायेगा।

प/नि/ 8-5-2021

# शहर में आठ कोविड सहायता केन्द्रों का संचालन

रतलाम। शासन निर्देशानुसार कोविड-19 के परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए "किल कोरोना-3" अभियान के तहत रतलाम नगर निगम सीमा क्षेत्र में 8 स्थानों पर कोविड सहायता केन्द्र का संचालन किया गया है जिसमें नगर निगम अधिकारी/कर्मचारी, मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, "स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नियुक्ति की गई है।

'किल कोरोना-3' अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 33, 34, 35, 36 व 31 हेतु टीआईटी

सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा कोविड सहायता केन्द्र पर नियुक्त मेडिकल ऑफिसर, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर, स्टॉफ नर्स, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेतु नईम मोहम्मद खान प्रभारी ए.पी.एम. मो.नं. 9685330094 व लोकेश वैष्णव प्रभारी बी.ई.ई. मो. नं.7999606919 को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

कोविड सहायता केन्द्र पर शीघ्रातिशीघ्र

(16)

# बड़ी नाकामी जो कलेक्टर को ले डूबी, मौतों को नहीं कर सके कंट्रोल, प्रदेश के टॉप 5 शहरों में रतलाम, 1 अप्रैल को प्रदेश में 9वें नंबर पर थे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

8-5-21

कलेक्टर गोपाल चंद्र डाड की शुक्रवार को विदाई हो गई। बड़ी नाकामी मरीजों की मौत साबित हुई है, 1 अप्रैल को रतलाम मौत के मामले में प्रदेश में 9वें नंबर पर था, प्रशासन कंट्रोल नहीं कर सका। नतीजा यह रहा कि मौत के मामले में अब रतलाम प्रदेश के टॉप 5 शहरों में शामिल हो चुका है। शहर में रोज 4 से 5 कोरोना पॉजिटिव मरीजों की मौत हो रही है। जिले में सिर्फ अप्रैल के महीने में 102 लोग कोरोना के कारण अपनी जान गंवा चुके हैं।

**25 अप्रैल तक छठे नंबर पर थे :** मौत के मामले में 25 अप्रैल तक रतलाम प्रदेश में छह नंबर पर था। रतलाम में 166 तो सागर में 169 मौत थी। हालांकि रतलाम में मौत का सिलसिला नहीं थमा। इसके बाद से ही हम टॉप-5 में शामिल है।

**एक्टिव केस में प्रदेश में 7वें नंबर पर :** एक्टिव केस में अभी रतलाम प्रदेश में सातवें नंबर पर है। रतलाम से ज्यादा केस इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन और रीवा में है। 1 अप्रैल को रतलाम में 652 एक्टिव केस थे, हम प्रदेश के टॉप-5 शहरों में शामिल थे।

## भास्कर का सवाल : कलेक्टर को आपने हटवाया

## जवाब : सीएम को कमियां बताई थीं : पांडेय

जावरा विधायक डॉ राजेंद्र पांडेय बोले-कोरोना नियंत्रण को लेकर जिले में की जा रही व्यवस्था पूरी तरह ठीक नहीं थी। प्रशासनिक व्यवस्थाओं और चिकित्सालयों में बेड, ऑक्सीजन और इंजेक्शन की कमी से मुख्यमंत्री को अवगत कराया था। इसमें कमियों को सुधारने की बात भी कही थी।

### मौतों में प्रदेश के टॉप-5 शहरों में है रतलाम

| | | | |
|---|---|---|---|
| इंदौर | 1190 | ग्वालियर | 415 |
| भोपाल | 781 | रतलाम | 219 |
| जबलपुर | 467 | | |

(आंकड़े प्रदेशिक बुलेटिन से।)

## जावरा विधायक डॉ. पांडेय ने सुझाया नए कलेक्टर का नाम

बताया जा रहा है कि जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय ने मुख्यमंत्री को कुमार पुरुषोत्तम का नाम पहले ही सुझा चुके थे। तब विधानसभा उपचुनाव होने से सीएम ने कुमार को गुना की जिम्मेदारी दे दी थी। डॉ. पांडेय और कुमार का परिचय जावरा में बहुउत्पाद औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना के दौरान हुआ था। तब कुमार औद्योगिक विकास निगम इंदौर के प्रबंध संचालक थे।

## कुमार पुरुषोत्तम : कोरोना कर्फ्यू का सख्ती से पालन

- गुना में कोरोना कर्फ्यू में सख्ती बरती, असरदार लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की।
- मरीजों की जांच का मामला हो या इलाज, बेहतर तरीके से प्रबंधन किया।
- स्वच्छता को लेकर गुना में योजनाबद्ध तरीके से अच्छा काम किया, खासकर नवाचार किए।

## गोपालचंद्र डाड : संक्रमण पर नियंत्रण में नाकाम

- संक्रमण की दूसरी लहर को रोकने में विफल रहे।
- आसपास के अन्य शहरों के मुकाबले रतलाम में पॉजिटिव की संख्या बढ़ती जा रही है।
- जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे लगातार नाराज चल रहे थे। उन्होंने दो दिन पहले ही सीएम को शिकायत की।

दै० भास्कर 8-5-2021

# प्रदेश के 248 निकायों को ओडीएफ डबल प्लस का दर्जा

8-5-2021

भोपाल @ पत्रिका. प्रदेश के 248 से अधिक निकाय ओडीएफ प्लस प्लस में शामिल हो गए हैं। पिछले वर्ष 108 निकाय इस श्रेणी में शामिल हुए थे। इसके चलते स्वच्छता सर्वे में पहले और दूसरे स्थान पर प्रदेश के होने की संभावना बढ़ गई है। स्वच्छता सर्वे रिपोर्ट आने से पहले मूल्यांकन खुद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने करा कर रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले वर्ष की तुलना में ओडीएफ में 2.5 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है।

सर्वे से जुड़े लोगों का मानना है कि छत्तीसगढ़ देश में पहले नम्बर पर आ सकता है, इसके बाद दूसरे नम्बर पर मध्यप्रदेश है। हालांकि प्रदेश में 407 निकाय हैं, जबकि छत्तीसगढ़ में 161 निकाय ही हैं। प्रदेश के 71 निकाय ओडीएफ प्लस प्रमाण-पत्र प्राप्त करने में सफल हुए हैं। ओडीएफ प्लस प्लस में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की टीम द्वारा प्रत्येक शौचालय एवं उसमें उपलब्ध सुविधाओं का आकलन किया जाता है। लोगों से फीडबैक लेकर टीम अनुशंसा सहित सरकार को जियो टैग फोटोग्राफ के साथ जानकारी भेजती है। चूक होने या खुले में शौच पाए जाने पर प्रमाणीकरण निरस्त किया जाता है।

4 पत्रिका

8-5-2021